एके0 श्रीवास्तव
निदेशक (वाणिज्य)

उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लिमिटेड
शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग,
लखनऊ–226001
ई–मेल–directorcomm@uppcl.org
दूरभाष–0522–2287806 (O)
फैक्स–0522–.2287806
CIN:U32201UP1999SGC024928

संख्या : 501/एस0इ0ए0सी0/पाकालि/2019 दिनांक : 29 जुलाई, 2019

समस्त अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण),
विद्युत वितरण निगम लि0,
पूर्वांचल–वाराणसी/पश्चिमांचल–मेरठ/
मध्यांचल–लखनऊ/दक्षिणांचल–आगरा।

ई–मेल द्वारा

विषयः– <u>11 के0वी0 फीडर पर स्थापित मीटर में ऊर्जा की खपत का विवरण फीडर मीटर पर स्थापित मॉडम के माध्यम से प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।</u>

आप अवगत है कि 33/11 के0वी0 उपकेन्द्रों से निकलने वाले सभी 11 के0वी0 फीडरों (आर0ए0पी0डी0आर0पी0/आई0पी0डी0एस0/रूरल/इ0ओ0डी0बी0) पर मॉडम स्थापित किये जा चुके है एवं उनकी ऊर्जा तथा अन्य आंकड़ें पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो रहे है। आप द्वारा प्रति माह अपने खण्ड की फीडरवार ऊर्जा की खपत का विवरण UPPCL के ओमनीनेट पोर्टल पर प्रति माह manually भरा जाता है। सम्भव है कि उक्त आंकड़ें manually भरें जाने में मानवीय त्रुटि हो सकती है एवं विलम्ब भी होता है।

यह निर्णय लिया गया है कि सभी प्रकार के वाणिज्यिक आंकलन के लिए फीडरवार इनपुट एनर्जी मॉडम द्वारा ही प्राप्त की जाये। यदि किसी तकनीकी कारण से मॉडम द्वारा ऊर्जा खपत के आंकड़ें न प्राप्त हो पा रहे हो तो उसी दशा में manually अंकित की गयी ऊर्जा का संज्ञान लिया जाये। मॉडम द्वारा प्राप्त ऊर्जा खपत को त्रुटि रहित होने के लिये आवश्यक है कि सिस्टम में फीडर पर स्थापित मीटर का नम्बर एवं मीटर गुणांक सही–सही अंकित हो। इसके लिये आवश्यक है कि आप कृपया manually भरी जा रही ऊर्जा एवं मॉडम द्वारा पोर्टल पर प्राप्त ऊर्जा का मिलान फीडरवार कर लें एवं जहाँ भी विसंगति हो वहाँ मीटर नम्बर अथवा मीटर गुणांक ठीक करा दें। इस कार्य को कराते हुए दिनांक 15.08.2019 तक सुनिश्चित कर लें कि फीडर पर स्थापित मीटर का नम्बर एवं मीटर गुणांक सही करा लिया गया है साथ ही साथ जिन फीडरों पर मीटर अथवा मॉडम क्रियाशील न हो उन्हें भी सम्बन्धित एजेन्सी से सम्पर्क कर तत्काल ठीक करा लें।

दिनांक 15.08.2019 के पश्चात मॉडम द्वारा प्राप्त ऊर्जा के आधार पर हानियों की गणना की जायेगी एवं तदानुसार कार्यवाही भी सम्पादित कर दी जायेगी। किसी प्रकार की विसंगति के लिये सम्बन्धित परीक्षण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण) उत्तरदायी होंगे।

(ए0के0 श्रीवास्तव)
निदेशक (वाणिज्य)

प्रतिलिपि :

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, उ0प्र0 पाकालि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पाकालि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल–वाराणसी/पश्चिमांचल–मेरठ/मध्यांचल–लखनऊ/दक्षिणांचल–आगरा।
4. निदेशक (वाणिज्य), विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल–वाराणसी/पश्चिमांचल–मेरठ/मध्यांचल–लखनऊ/दक्षिणांचल–आगरा।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण), विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल–वाराणसी/पश्चिमांचल–मेरठ/मध्यांचल–लखनऊ/दक्षिणांचल–आगरा।